**Patrika, 23rd May 2013, Page-2**

# शहर की सड़कों पर पैर भी नहीं रखेंगे प्रणब

## विशेष विमान से आने के बाद राष्ट्रपति हेलिकॉप्टर से ही पहुंचेंगे आईआईटी

इंदौर

cityreporter.indore@patrika.com

राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी 8 जून को इंदौर आ रहे हैं। वे सिमरोल स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे। खास बात यह है कि राष्ट्रपति इंदौर की सड़कों पर पैर भी नहीं रखेंगे। वे वायुसेना के विशेष विमान से इंदौर आएंगे। यहां से विशेष हेलिकॉप्टर से ही आईआईटी के लिए उड़ेंगे। वे ढाई घंटे रुकेंगे। लंच भी यहां नहीं करेंगे।



राष्ट्रपति के साथ दो विशेष हेलिकॉप्टर भी आएंगे। विमान से एयरपोर्ट पर उतरने के बाद वे हेलिकॉप्टर से सिमरोल जाएंगे। विमानतल पर 21 गणमान्य नागरिकों से मिलेंगे। उनके साथ राज्यपाल रामनरेश यादव व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान भी शिरकत करेंगे। संभागायुक्त संजय दुबे ने तैयारियों की समीक्षा की।

### ये होगा कार्यक्रम

10.50 सुबह- विमानतल पर उतरेंगे। 10.55- आईआईटी के लिए सिमरोल रवाना। 11.30 -आईआईटी परिसर में प्रवेश। 12.45- कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। 1.00- सिमरोल से इंदौर के लिए रवाना। 1.20- विमान तल पहुंचेंगे। 1.25- ग्वालियर के लिए रवाना होंगे।

### तैयारियों पर जोर

- रेसीडेंसी कोठी पर खाने के साथ आराम करने की पूरी व्यवस्था।
- एमवायएच के साथ अरबिंदो हॉस्पिटल में चिकित्सा व्यवस्था।
- सिमरोल के साथ शहर में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था।
- विमानतल व वीआईपी रूट पर विशेष इंतजाम।